तुम ही हो दुर्गा तुम ही काली

तुम ही हो दुर्गा तुम ही काली,
तुम ही माता ओ शेरोवाली,
तेरे ही दर पे आये है मैया,
बनकर के हम तेरे सवाली,
तुम ही हो दुर्गा तुम ही काली,
तुम ही माता ओ शेरोवाली।

फँसी तो नैया तू ही संभाले,
तू ही माँ मेरी खेवनहारी
कृपा सदा ही बनाये रखना,
ओ महरावली ओ जोतावाली,
तुम ही हो दुर्गा तुम ही काली,
तुम ही माता ओ शेरोवाली,

सुख में कटे या दुःख कोई आये,
छाँव आँचल की मिले तुम्हारी,
सदा चरणों में लगाए रखना,
ओ पहाड़ावाली मातभवनी,
तुम ही हो दुर्गा तुम ही काली,
तुम ही माता ओ शेरोवाली,

तुमने ही पाले तुम ही संभाले,
ये ज़िन्दगी है तेरे हवाले,
करे वंदना बेटी तुम्हारी,
आ जाओ अब तो ओ मातारानी,
तुम ही हो दुर्गा तुम ही काली,
तुम ही माता ओ शेरोवाली,

हर पल ओ मैया ध्यान लगावे,
ज्योत जलावे तुम्हे मनावे,
करके ओ मैया सिंह सवारी,
आ जाओ मैया ओ शेरोवाली,
तुम ही हो दुर्गा तुम ही काली,
तुम ही माता ओ शेरोवाली,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21361/title/tum-hi-ho-durga-tum-hi-kali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |